रत्नागिरी में उच्च शक्ति वाले दूरदर्शन ट्रांसमीटर का संस्थापित किया जाना

1020. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रत्नागिरी (महाराष्ट्र), में अल्प शक्ति वाला एक दूरदर्शन ट्रांसमीटर संस्थापित किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि रत्नागिरी जिले के पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण इस ट्रांसमीटर से प्रसारित होने वाले कार्यक्रम केवल 20 किलोमीटर की परिधि के भीतर ही देखे जा सकते हैं ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार रत्नागिरी जिले में उच्च शक्ति वाला एक ट्रांसमीटर संस्थापित करने का विचार रखती है ताकि इस जिले के सभी लोग दूरदर्शन कार्यक्रमों से लाभांवित हो सकें;

(घ) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव) : (क) और (ख) जी, हां । रत्नागिरी स्थित मौजूदा अल्पशक्ति ट्रांसमीटर का सेवा क्षेत्र लगभग 25 कि.मी. (किनारे के क्षेत्रों सहित) है । तथापि, उक्त ट्रांसमीटर का कवरेज स्थानीय स्थितियों के कारण सीमित है ।

(ग) से (ङ) रत्नागिरी जिले के रत्नागिरी क्षेत्र में पहले से कार्यरत अल्प शक्ति ट्रांसमीटर के अलावा इस जिले के कुछ भागों को पुणे स्थित उच्च शक्ति ट्रांसमीटर से भी टी.वी. सेवा मिलती है । इस जिले में टी.वी. सेवा में और अधिक सुधार के उद्देश्य से, देवरूख में एक अल्पशक्ति ट्रांसमीटर तथा खेड़ और राजापुर में दो अति अल्पशक्ति ट्रांसमीटर स्थापित किये जाने संबंधी योजनायें कार्यान्वयनाधीन हैं । तथापि इस समय रत्नागिरी में उच्च शक्ति ट्रांसमीटर स्थापित करने की कोई अनुमोदित योजना नहीं है । क्षेत्र के कवरेज-विस्तार वृद्धि भविष्य में संसाधनों की उपलब्धता तथा पारस्परिक प्राथमिकताओं पर निर्भर करेगी ।

Closure of song and drama division

1021. SHRI V. NARAYANASAMY:
SHRI N. GIRI PRASAD:
SHRI CHATURANAN MISHRA:

Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there is a proposal for the closure of Song and Drama Division of All India Radio and Doordarshan and to merge the same with other units;

(b) whether Government are aware of the importance of Song and Drama Division of AIR and Doordarshan which is depicting the culture of our country; and

(c) what are the reasons for this decision to close the Song and Drama Division and to merge that with other units?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO): (a) Song and Drama Division is a subordinate office of Ministry of Information and Broadcasting. It is neither attached to All India Radio nor to Doordarshan. There is no proposal to close or merge the same with any other media unit at present.

(b) Yes, Sir.

(c) Does not arise..